प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शनिवार दिनांक 22.02.2025

मुख्य समाचारः–

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के तहत कल राज्य के पचास विकासखण्डों में होगा मतदान–अति संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से भेजे गए मतदान दल।

- राज्य मंत्रिमंडल ने किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं की सूची में किया विस्तार।

- मिशन क्लीन सिटी के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को

- अब मिलेगा साप्ताहिक अवकाश–श्रम विभाग के पोर्टल में भी नाम दर्ज होगा।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

<u>पंचायत चुनाव–तीसरा चरण</u>

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के तहत कल तेईस फरवरी को राज्य के पचास विकासखण्डों में मतदान होगा। बस्तर संभाग को छोड़कर सभी जगहों को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। बस्तर संभाग के मतदाता सुबह छह बजकर पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक वोट डाल सकते हैं।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि कल तीस हजार नौ सौ नब्बे पंच, तीन हजार आठ सौ दो सरपंच, एक हजार एक सौ बाईस जनपद सदस्य और एक सौ पैंतालीस जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए मतदान किया जाएगा। इस चुनाव में पंच पद के छिहत्तर हजार एक सौ निन्यानवे, सरपंच पद के सत्रह हजार एक सौ निन्यानवे, जनपद सदस्य के चार हजार छह सौ उनसठ और जिला पंचायत सदस्य के आठ सौ उनतालीस प्रत्याशी चुनाव लड़ रहें है।

अधिकारियों ने बताया कि तृतीय चरण के मतदान के लिए ग्यारह हजार चार सौ तीस मतदान केन्द्र बनाये गए हैं, जहां तिरपन लाख अट्ठाईस हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

होल्ड बाईट – अजय सिंह, राज्य निर्वाचन आयुक्त (20 सेकेंड)

<u>मतदान दल–रवाना</u>

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल जिन जगहों पर मतदान होना है, उनमें अति संवेदनशील जिला नारायणपुर भी शामिल हैं। जिले के ओरछा विकासखंड की छत्तीस ग्राम पंचायतों में कल वोट डाला जाएगा। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के दो अति–संवेदनशील मतदान केन्द्रों – कस्तुरमेटा और मोहंदी के लिए मतदान दलों को आज हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

होल्ड बाईट – प्रभात कुमार ( 20 सेकेंड)

वहीं, कोंडागांव जिले के जनपद पंचायत केशकाल और बड़ेराजपुर में कल मतदान होगा। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र पटेल ने बताया कि जिले के केशकाल विकासखंड के ईरागांव और विश्रामपुरी विकासखंड सहित सभी संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

होल्ड बाईट – कौशलेन्द्र पटेल ( 20 सेकेंड)

तीसरे चरण में कल बस्तर जिले के तोकापाल, बास्तानार और बकावंड विकासखंड में मतदान होगा। इसके लिए आज मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया गया और उन्हें केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

मंत्रिमंडल–निर्णय

राज्य मंत्रिमंडल ने आज प्रदेश के किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल की यह बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई। मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का फैसला लिया है। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पत्रकारवार्ता में मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

मंत्रिमंडल ने आज हुई बैठक में चार विधेयकों के प्रारूप का अनुमोदन किया। इनमें वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के तीसरे अनुपूरक अनुमान के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस के अनुमान के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक और भारतीय स्टाम्प अधिनियम संशोधन विधेयक शामिल हैं। बैठक के दौरान बजट सत्र में राज्यपाल द्वारा दिए जाने वाले अभिभाषण का भी अनुमोदन किया गया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

स्वच्छता दीदी / सफाई मित्र–अवकाश

मिशन क्लीन सिटी के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को

अब रोटेशन के आधार पर साप्ताहिक अवकाश मिलेगा। साथ ही उनके लिए काम करने की अवधि रोजाना आठ घंटे निर्धारित की गई है। इसके अलावा उन्हें हर महीने एक दिन का सवैतनिक आकस्मिक अवकाश भी मिलेगा। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग ने सभी स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को श्रम विभाग में पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकें। हर महीने स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा हर तीन महीने में ब्लड टेस्ट, थॉयरॉइड टेस्ट, एलडीएच टेस्ट, टोटल कोलेस्ट्रॉल टेस्ट सहित कई तरह की जांच भी की जाएगी। उन्हें वर्दी, एपरेन, दस्ताने, मोजे, मास्क, जूते, टोपी और रेनकोट भी दिए जाएंगे। कंपोस्ट शेड में काम करने वाले सफाई मित्रों को हर साल गमबूट भी प्रदान किए जाएंगे।

नारायणपुर–नीति आयोग पुरस्कार

कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास में शानदार प्रदर्शन के लिए आकांक्षी जिले नारायणपुर को नीति आयोग ने दस करोड़ रूपए का पुरस्कार दिया है।

गौरतलब है कि नारायणपुर में खेती को उन्नत बनाने, लोगों को नए रोजगार देने और गांवों में जरूरी सुविधाएं बढ़ाने के लिए खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को नई तकनीक और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी फसल अच्छी हो और आमदनी बढ़े। वहीं, गांवों में सड़कें, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नीति आयोग ने नारायणपुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह जिला दूसरे जिलों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

मौसम

छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव जारी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में बादल छाए रह सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

- भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गर्वनर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव–द्वितीय नियुक्त किया गया है। श्री दास भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस सौ अस्सी बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।

- छत्तीसगढ़ के दस नगर निगमों में सभापति और नगर पालिका परिषदों में उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है।

- शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा की जमानत याचिका को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कोरिया कलेक्टर ने उप अभियंता अमित चौधरी को निलंबित कर दिया है।

- कोंडागांव जिले के बोरेगांव और फरसगांव के बीच एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए हैं। ये सभी लोग प्रयागराज से वापस लौट रहे थे।

- जबलपुर में शहडोल–पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास कल एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में भिलाई की एक महिला की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए हैं। ये सभी लोग प्रयागराज से भिलाई लौट रहे थे।

- धमतरी जिले के कोड़ेबोड़ गांव के पास आज कार और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए हैं।

<><><><><>